भारत सरकार
स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्रालय
स्वास्थ्य और परिवार कल्याण विभाग

लोक सभा
अतारांकित प्रश्न संख्या: 699
26 जुलाई, 2024 को पूछे जाने वाले प्रश्न का उत्तर

सरकारी अस्पतालों में बिस्तर

699. श्री रामवीर सिंह बिधूड़ी:

क्या स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) क्या सरकार द्वारा विगत दस वर्षों के दौरान दिल्ली के अस्पतालों में बिस्तरों की संख्या में वृद्धि की गई है; और

(ख) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है और इस पर कुल कितनी धनराशि व्यय की गई है?

उत्तर

स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्रीमती अनुप्रिया पटेल)

(क): जहां तक नई दिल्ली के केंद्रीय सरकारी अस्पतालों अर्थात् सफदरजंग अस्पताल, डॉ. राम मनोहर लोहिया अस्पताल, लेडी हार्डिंग मेडिकल कॉलेज और श्रीमती सुचेता कृपलानी अस्पताल और कलावती सरन बाल अस्पताल का संबंध है, पिछले दस वर्षों के दौरान बिस्तरों की संख्या निम्नानुसार है:

क्रम सं.	अस्पताल का नाम	वर्ष	बिस्तरों की संख्या
1.	सफदरजंग अस्पताल	2015-2016	1531
		2017-2023	2873
		2024	2994
2.	डॉ. राम मनोहर लोहिया अस्पताल	2015-2016	1420
		2017-2019	1447
		2020-2023	1532
		2024	1538
3.	लेडी हार्डिंग मेडिकल कॉलेज और एसोसिएटेड अस्पताल	2013-2022	877
		2023-2024	1397
4.	कलावती सरन बाल अस्पताल	2015-2019	375
		2020-2023	395
		2024	403

(ख): बजट का व्यय अस्पताल निधि से किया गया। बिस्तरों की संख्या बढ़ाने के लिए अलग से कोई बजट आवंटित नहीं किया गया।

****